COVID-19 Daily Update



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रमुख बिंदु

- सबसे पहले मैं सभी देशवासियों से क्षमा मांगता हूँ। और मेरी आत्मा कहती है की आप मुझे जरुर क्षमा करेंगे क्योंकि कुछ ऐसे निर्णय लेने पड़े हैं जिसकी वजह से आपको कई तरह की कठिनाईयां उठानी पड़ रही हैं.

- बहुत से लोग मुझसे नाराज भी होंगे कि ऐसे कैसे सबको घर में बंद कर रखा है। मैं आपकी दिक्कतें समझता हूं, आपकी परेशानी भी समझता हूं लेकिन भारत जैसे 130 करोड़ की आबादी वाले देश को, कोरोना के खिलाफ लड़ाई के लिए, ये कदम उठाए बिना कोई रास्ता नहीं था.

- कोरोना वायरस ने दुनिया को कैद कर दिया है। ये ज्ञान, विज्ञान, गरीब, संपन्न कमजोर, ताकतवर हर किसी को चुनौती दे रहा है. ये ना तो राष्ट्र की सीमाओं में बंधा है, न ही ये कोई क्षेत्र देखता है और न ही कोई मौसम.

- कुछ लोगों कू लगता है की वो लॉकडाउन का पालन कर रहे हैं तो ऐसा करके वो मानो जैसे दूसरों की मदद कर रहे हैं, ये भ्रम पालना सही नहीं है। ये लॉकडाउन आपले खुद के बचने के लिए है। आपको अपने को बचाना है, अपने परिवार को बचाना है.

- हमारे यहां कहा गया है- 'एवं एवं विकार, अपी तरुन्हा साध्यते सुखं'. यानि बीमारी और उसके प्रकोप में शुरुआत में ही निबटना चाहिए। बाद में रोग असाध्य हो जाते हैं, तब इलाज भी मुश्किल हो जाता है। आज पूरा हिन्दुस्तान, हर हिन्दुस्तानी यही कर रहा है.

- मैं जानता हूं कि कोई कानून नहीं तोड़ना चाहता, लेकिन कुछ लोग ऐसा कर रहे हैं क्योंकि अभी भी वो स्थिति की गंभीरता को नहीं समझ रहे।

अगर आप Lockdown का नियम तोड़ेंगे तो वायरस से बचना मुश्किल होगा.

- जो हमारे Front line soldiers हैं। खासकर के हमारी नर्सेज बहनें हैं, नर्सेज का काम करने वाले भाई हैं, डॉक्टर हैं, पैरा मेडिकल स्टाफ हैं, ऐसे साथी जो कोरोना को पराजित कर चुके हैं। आज हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए.

- मानवता से भरी हुई हर नर्स को आज मैं नमन करता हूं। आप सभी जिस सेवा भाव से कार्य करते हैं वो अतुलनीय है, ये भी संयोग है कि वर्ष 2020 International year of the nurses and midwife के तौर पर मना रहा है.

- आप जैसे साथी चाहे वो डॉक्टर हों, नर्स हों, पैरा मेडिकल, आशा, एएनएम कार्यकर्ता, सफाई कर्मचारी हो आपके स्वास्थ्य की भी देश को बहुत चिंता है। इसी को देखते हुए ऐसे करीब 20 लाख साथियों के लिए 50 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा की घोषणा सरकार ने की है.

- जरा आप अपने पड़ोस में मौजूद छोटी परचून की दुकान के बारे में सोचिए, उन drivers, उन workers के बारे में सोचिये, जो बिना रुके अपने का में डटे हैं ताकि देश भर में आवश्यक वस्तुओं की suppy-chain में कोई रुकावट ना आये.

- आपने देखा होगा, बैंकिंग सेवाओं को सरकार ने चालू रखा है और बैंकिंग क्षेत्र के हमारे लोग पूरे लगन से, आपकी सेवा में मौजूद हैं। आज के समय, ये सेवा छोटी नहीं है, उन बैंक के लोगों का भी हम जितना धन्यवाद करें उतना कम है.

- मुझे कुछ ऐसी घटनाओं का पता चला है जिनमें कोरोना वायरस के संदिग्ध या फिर जिन्हें home quarantine में रहने को कहा गया है, उनके साथ कुछ लोग बुरा बर्ताव कर रहे हैं। ऐसी बातें सुनकर मुझे अत्यंत पीड़ा हुई है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है. ऐसे लोग कोई अपराधी नहीं हैं बल्कि वायरस के संभावित पीड़ित भर हैं। इन लोगों ने दूसरों को संक्रमण से बचाने के लिए खुद को अलग किया है और quarantine में रह रहे हैं.

- कोरोना वायरस से लड़ने का सबसे कारगर तरीका सोशल डिस्टेंसिंग है, लेकिन हमें ये समझना होगा कि सोशल डिस्टेंसिंग का मतलब सोशल इंटरैक्शन को खत्म करना नहीं है। वास्तव में ये समय अपने सभी पुराने सामाजिक रिश्तों में नई जान फूंकने का है, रिश्तों को तरो-ताजा करने का है.

- कोरोना के खिलाफ ये युद्ध अभूतपूर्व भी है और चुनौतीपूर्ण भी, इसलिए इस दौरान लिए जा रहे फैसले भी ऐसे हैं जो दुनिया के इतिहास में कभी देखने और सुनने को नहीं मिले. कोरोना को रोकने के लिए जो प्रयास अभी हम कर रहे हैं वो भारत को कोरोना महामारी पर जीत दिलाएंगे.

- गरीबों के प्रति हमारी संवेदनाएं और अधिक तीव्र होनी चाहिए। हमारी मानवता का वास इस बात में है कि कही पर भी कोई गरीब दुखी, भूखा नजर आता है तो इस संकट की घड़ी में हम पहले उसका पेट भरेंगे। ये हिंदुस्तान कर सकता है, ये हमारे संस्कार और संस्कृति है.

- आज हर भारतीय अपने जीवन की रक्षा के लिए घर में बंद है। लेकिन आने वाले समय में यही हिंदुस्तानी अपने देश के विकास के लिए सारी दीवारों को तोड़कर आगे निकलेगा, देश को आगे ले जाएगा। आप अपने परिवार के साथ घर पर रहिए, सुरक्षित और सावधान रहिए। हमें ये जंग जीतना है, जरूर जीतेंगे.

Current Scenario (COVID-19)






Click on a
y to see cases,
ries.
China
81,470 total cases
2,466 active
3,304 deceased
75,700 recovered
TODAY
+ 31 cases
+ 4 deceased

Click on a count
cases, deaths,
Russian Federation
840 total cases
799 active
3 dead
38 recovered
TODAY
+ 182 cases

Spain
85,195 total cases
61,075 active
7,340 deceased
16,780 recovered
TODAY
+ 5,085 cases
+ 537 deceased


France
40,174 total cases
30,366 active
2,606 deceased
7,202 recovered

India Fights Corona (Updates)

- पश्चिम बंगाल: सिलीगुड़ी के नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में कलिम्पोंग की एक 54 वर्षीय महिला का COVID19 टेस्ट पॉजिटिव आया था जिनका आज सुबह निधन हो गया।

- उत्तराखंड में Corona virus Lockdown के उल्लंघन के सिलसिले में 1991 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 362 FIR दर्ज़ की गईं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 1963 वाहन जब्त: पुलिस

- अब तक 38,442 टेस्ट किए गए हैं, इसमें से 3,501 टेस्ट कल किए गए थे, इसका मतलब है कि हम अभी भी अपनी परीक्षण क्षमता के 30% से कम हैं। पिछले 3 दिनों में 1,334 परीक्षण निजी प्रयोगशालाओं में किए गए हैं: आर. गंगा. केतकर, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

- लॉकडाउन के चलते पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में चिकित्सा उपकरण और आपातकालीन सामानों की आपूर्ति के लिए विशेष कार्गो उड़ानें चलाने के लिए अपनी अनुमति दी है: लव अग्रवाल, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय

- पिछले 24 घंटों में COVID19 के 92 नए मामले सामने आए हैं और 4 मौते हुई हैं। भारत में COVID19 के कुल मामलों की संख्या 1071 और कोरोना से 29 मौते अब तक हो गई है: लव अग्रवाल, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने #PMCARES फंड में 51 करोड़ रुपये का योगदान दिया: BCCI

- पतंजलि द्वारा #PMCaresFunds में 25 करोड़ का योगदान दिया जाएगा। इसके साथ-साथ पतंजलि और इससे जुडे अन्य संगठनों में काम करने वालों के एक-एक दिन का वेतन का सहयोग भी फंड में दिया जाएगा :योग गुरु रामदेव

- BSNL ने आज एक बहुत महत्वपूर्ण फैसला किया है उनके प्रीपेड सिम को 20 अप्रैल तक वैलिड कर दिया है, ऑउटगोइंग कॉल को 10 रुपए का एक्टेशन दे दिया गया है ताकि गरीब मज़दूर को बात करने में कोई दिक्कत न हो: केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद

- काबुल, अफगानिस्तान से एक काम एयर की उड़ान आज दोपहर लगभग 2:40 बजे 35 भारतीयों के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरी। उन्हें भारत-तिब्बत सीमा पुलिस शिविर में 14 दिनों के लिए क्वारंटाइन में रखा जाएगा।

- मुंबई विश्वविद्यालय ने अपने सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ और सभी संबद्ध कॉलेजों के कर्मचारियों से मुख्यमंत्री के COVID19 राहत कोष के लिए अपने एक दिन का वेतन दान करने की अपील की है।

- कश्मीर में coronavirus के 4 और पॉजिटिव केस सामने आए। शोपियां और श्रीनगर से 2-2 मामले। इन सभी का पहले के पॉजिटिव केस के साथ संपर्क पाया गया: जम्मू-कश्मीर के प्रमुख सचिव (योजना) रोहित कंसल

- दिल्ली: आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन ने आज दिल्ली सरकार के प्रतिनिधियों को 1000 लंच बांटे। वे इसे प्रवासी मजदूरों को बांटेंगे।

- आंध्रप्रदेश: कोरोना वायरस के मद्देनज़र विजयवाड़ा नगर निगम ने सेनिटाइजेशन के लिए ड्रोन द्वारा सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया। राज्य में कोरोना वायरस के 18 एक्टिव केस है।

- जम्मू और कश्मीर: बांदीपोरा भारतीय नौसेना के MARCOS कमांडो ने वुलर झील के मछुआरों को कोरोना वायरस के प्रति जागरुक किया, साथ ही जरूरतमंदों को जरूरी राशन बांटा।

- राजस्थान में पॉजिटिव कोरोना वायरस के 60 मामले सामने आए हैं। जिसमें भीलवाड़ा से सबसे अधिक 25 मामले दर्ज़ किए गए हैं: रघु शर्मा, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री

- तमिलनाडु में पॉजिटिव कोरोना वायरस के 17 नए मामलों को मिलाकर राज्य में कोरोना वायरस के कुल मामलों की संख्या 67 हो गई है: तमिलनाडु स्वास्थ्य विभाग

- एम्स की यूनिटी ऑफ एलाइड हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स की टीम ने अपना एक दिन का वेतन पीएम केयर फंड को दान करने का फैसला किया है।

- चंडीगढ़, मलोया में प्रवासी मजदूरों के लिए शेल्टर होम तैयार किया गया है। अभी हमारे पास लगभग 50 प्रवासी मजदूर हैं। उनके खाने-पीने और रहने की व्यवस्था कर दी गई है। इस कम्युनिटी सेंटर में 200 लोग रह सकते हैं जरूरत पड़ने पर हमारे पास और भी दूसरी साइट्स हैं: SDM सतीश कुमार जैन

- श्रीनगर की महिला जो कश्मीर की पहली coronavirus मरीज़ हैं उनका कोरोना वायरस टेस्ट कल नेगेटिव आया : शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर

- लखनऊ: CM योगी आदित्यनाथ ने आज Corona virus Lockdown के बीच मनरेगा योजना के तहत काम कर रहे राज्य के 27.5लाख मजदूरों के बैंक खाते में सीधे 611करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। मुख्यमंत्री ने आज वीडियो की मदद से उनसे बात की और उन्हें योजना की जानकारी दी।

- महाराष्ट्र में 12 नए पॉजिटिव कोरोना वायरस केस सामने आए हैं- 5 पुणे, 3 मुंबई, 2 नागपुर, 1 कोल्हापुर, 1 नासिक से है। राज्य में कोरोना वायरस के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 215 हो गई है: महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग

- कोरोना वायरस के चलते केंद्र सरकार ने सभी राज्यों की सीमाओं को सील करने और लोगों की आवाजाही पर पाबंदी लगाने का आदेश दिया है। नेपाल ने कोरोना को फैलने से रोकने के लिए एक सप्ताह के लॉकडाउन की घोषणा की है। नेपाल में कोरोना वायरस मामलों की संख्या 5 पहुंच गई है।

- मध्य प्रदेश में 8 नए कोरोना वायरस पॉजिटिव केस सामने आए हैं- इंदौर से 7 और उज्जैन से 1। इंदौर में कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 32 पहंच गई है: डीन, महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, इंदौर, मध्य प्रदेश

- COVID19 के लिए संदिग्ध मामलों के संपर्क में आने वाले 6465 यात्रियों और लोगों को निगरानी में रखा गया है। अब तक जम्मू-कश्मीर में 38 पॉजिटिव मामले मिले हैं, जिसमें 34 सक्रिय मामले हैं, 2 ठीक हो चुके हैं, 2 की मौत हो गई है।: जम्मू और कश्मीर सरकार

- अन्य राज्यों से बिहार लौट रहे लोगों को सीमावर्ती जिलों से बसों/ट्रकों द्वारा उनके गांव से संबंधित मुख्यालय पहुंचाया जायेगा। सीमा पर उनकी स्क्रीनिंग की जाएगी, उन्हें गांव के विद्यालय या किसी अन्य जगह 14 दिनों तक क्वारंटाइन में रखा जाएगा: आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार

- महाराष्ट्र: COVID2019 के मद्देनजर देशव्यापी लॉकडाउन के बीच, आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने नागपुर में जरूरतमंदों को खाने के पैकेट और किराना सामान बांटा।

- इस स्वास्थ्य संकट में मदद करने वाले सभी लोगों के लिए बीमा कवरेज 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया गया है, जिसमें निजी / सरकारी / परिवहन केंद्रों के कर्मचारी शामिल हैं जैसे कि डॉक्टर / नर्स / पुलिस / कूरियर सेवाएं: पश्चिम बंगाल CM ममता बनर्जी

- दिल्ली: Corona virus Lockdown के बीच पुलिस ने निज़ामुद्दीन के इलाके में लोगों की आवाजाही पर नज़र रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया।

- दिल्ली में काविड-19 रोगियों का इलाज कर रहे डॉक्टरों को ललित होटल में रहने की सुविधा

- उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्री से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों पीएम केयर्स कोष में दान देंगे

Coronavirus Updates (Worldwide)

- Iran reports 117 new virus deaths, raising total to 2,757: AFP
- Spain announces 812 virus deaths in 24 hours, total 7,340: AFP
- Global number of declared coronavirus cases tops 700,000: AFP tally
- Twitter removes two tweets by Brazil's President Bolsonaro questioning virus quarantine: AFP
- Trump extends US 'social distancing' guidelines to April 30
- Peak death rate in US likely to hit in two weeks: Trump
- Australian PM Scott Morrison announces 130 billion dollar package to support the wages of up to 6 million citizens in the country affected by COVID19. 4,000 across the nation have been infected so far with 18 deaths.
- ADB announces 100 million US Dollars funding for Indian infrastructure sector
- Number of confirmed COVID19 cases in Singapore rises to 844
- Bangladesh not reported any new cases of #CoronaVirus in last 48 hours. Death toll remains at 5 though there are reports of 5 deaths due to severe flu like symptoms from some districts.
- China resumes domestic flights in #coronavirus epicentre Hubei province, except Wuhan
- Pope Francis backs UN chief's call for a cease-fire in all conflicts across globe
- Israeli Prime Minister Benjamin Netanyahu due to go into quarantine after close aide tests positive for coronavirus, Israeli newspaper reports

कोरोना वायरस केन्द्रित विषयों पर लेखों के प्रमुख अंश

कोरोना से मानवता मृत्युभय से कांप रही, महामारी से संघर्षरत भारत के पास है कोरोना से लड़ने की क्षमता

मृत्यु निश्चित है। वह सूचना देकर नहीं आती, लेकिन महामारियां मृत्यु के जयघोष के साथ आक्रमण करती हैं। लोग थोक में मरते हैं। मौत का भय भयानक सामाजिक रूप लेता है। संप्रति मानवता ऐसे ही मृत्युभय से कांप रही है। दुनिया के तमाम देशों के साथ भारत भी महामारी से संघर्षरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्यकारी निदेशक माइकल रयान ने कहा है कि 'भारत के पास कोरोना से लड़ने की क्षमता है। इसके पास चेचक और पोलियो को समाप्त करने का अनुभव है।'

उन्होंने विश्वास जताया है कि भारत अपनी तैयारियों से कोरोना के तीसरे चरण से बचने में कामयाब होगा।' भारत पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शी हो सकता है। जर्मन विद्वान मैक्समूलर ने 'व्हाट इंडिया कैन टीच अस-भारत हमें क्या सिखा सकता है' व्याख्यान माला (1882) में कहा था, 'हम हर चीज के अभ्यस्त होकर आश्चर्य करना छोड़ देते हैं। अचानक आए भूकंप के

समान हमारे संरक्षकों को किस बात ने चौंकाया होगा? उनकी स्थायी धारणाओं को किसने ध्वस्त किया होगा।'आपदाएं स्थापित धारणाएं तोड़ती हैं।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-humanity-trembles-with-death-due-to-corona-india-struggling-with-epidemic-has-ability-to-fight-corona-20150021.html

लॉकडाउन की परीक्षा की कठिन घड़ी में संयम और अनुशासन से हम सब मिलकर कोरोना को हराएंगे

बीते सप्ताह एक दिन के जनता कर्फ्यू के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह 21 दिन के देशव्यापी लॉकडाउन का एलान किया वह अनिवार्य हो गया था। इस लॉकडाउन की आवश्यकता तभी महसूस होने लगी थी जब जनता कफ्र्यू जारी था। वैसे तो इस जनता कर्फ्यू के दौरान देश की जनता ने अभूतपूर्व संयम और एकजुटता का परिचय दिया, लेकिन कुछ स्थानों पर

लोगों ने लापहरवाही भी दिखाई। इसी कारण देश के करीब 80 जिलों में लॉकडाउन करना पड़ा।

इस दौरान भी कई लोग सोशल डिस्टेंसिंग यानी एक-दूसरे से शारीरिक दूरी बरतने के प्रति लापरवाह दिखे। इसके अगले दिन प्रधानमंत्री जब एक बार फिर देश को संबोधित करने आए तो उन्होंने इस लापरवाही पर क्षोभ व्यक्त किया और इसी के साथ 21 दिन के लॉकडाउन की घोषणा करते हुए लोगों को समझाया और यह कहकर चेताया भी कि हर किसी को अपने घर पर रहते हुए एक लक्ष्मण रेखा खींचनी है, अन्यथा वायरस के घर के भीतर प्रवेश कर जाने का खतरा है। चूंकि यह खतरा वास्तविक है इसलिए कोई कुछ भी कहे, 21 दिन का लॉकडाउन जरूरी हो गया था।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-with-moderation-and-discipline-in-difficult-time-of-lockdown-examination-we-will-all-together-defeat-corona-crisis-20147744.html

कोरोना आपदा से निपटने में विश्व का नेतृत्व कर रहा भारत

देश में कोरोना संक्रमित लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इतना ही नहीं वह पुलिस, प्रशासन से लेकर मीडिया तक से संवाद कर कोरोना की चुनौती से निपटने में जुटे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 मार्च को पुणे के नायडू अस्पताल की नर्स छाया से फोन पर बात की। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना संक्रमण के इलाज में जुटे स्वास्थ्यकर्मियों की प्रशंसा की तो छाया ने बेबाकी से कहा “आप तो हमारे देवता हैं, पूरे देश को आपके जैसा प्रधानमंत्री चाहिए।”

देखा जाए तो प्रधानमंत्री के प्रति देवता वाला संबोधन अकारण नहीं है। नरेंद्र मोदी देश के ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में फैलते कोरोना संक्रमण के प्रति संवेदनशील हैं। तभी तो उन्होंने कोरोना से लड़ने के लिए सार्क देशों

का साझा मंच बनाने की पहल की। कोरोना के खिलाफ संयुक्त रणनीति बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने अपने साथ सार्क के सातों देशों को जोड़ने की अनूठी पहल की। वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान मोदी ने सार्क देशों के नेताओं को संबोधित करते हुए कोरोना को हराने का मूल मंत्र समझाया। उन्होंने कहा कि सभी सार्क देशों को सावधानी बरतनी होगी और कोरोना वायरस से घबड़ाने की नहीं बल्कि उससे निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कोविड-19 इमरजेंसी फंड बनाने की पहल की है जो सार्क देशों के स्वैच्छिक योगदान पर आधारित है। उन्होंने भारत की ओर से एक करोड़ डॉलर के अनुदान की भी घोषणा की।

Source: https://www.spmrf.org/india-leading-the-world-in-dealing-with-the-corona-disaster/

प्रवासी मजदूरों के पलायन पर गृह मंत्रालय ने उठाए प्रभावी कदम

कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारी सुरक्षा के मद्देनजर देशभर में 21 दिन के लॉकडाउन की घोषणा 24 मार्च को की थी. इस लॉकडाउन की स्थिति में अनेक प्रकार की अफवाहों ने प्रवासी मजदूरों के संकट को बढ़ा दिया है, जिसके मद्देनजर प्रवासी मजदूर पैदल ही अपने घर की तरफ चल पड़े, वहीं दिल्ली में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति काफी गंभीर दिखाई दे रही है. मीडिया के हवाले से यह खबर भी सामने आ रही है कि डीटीसी बसों द्वारा मजदूरों को उत्तर प्रदेश के बॉर्डर पर छोड़ा जा रहा है. यह सब बातें अरविंद केजरीवाल सरकार की कोविड-19 से लड़ने के दावों की पोल खोलने वाली हैं. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गृह मंत्रालय ने तत्काल कई प्रभावी कदम उठाए, जिससे श्रमिक वर्ग को किसी वस्तु का अभाव न हो और उनका पलायन भी रूक जाए.

यकायक देश के विभिन्न हिस्सों से मजदूर पैदल ही अपने घर की तरफ कूच करने लगे, इस मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह ने कई राज्यों एवं केंद्र

शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से बात करके यह आग्रह किया कि वह प्रवासी मजदूरों की दिक्कतों पर अपना ध्यान तुरंत आकृष्ट करें एवं उनके खाने-पीने एवं रहने का उचित प्रबंध करें. गृह मंत्रालय ने राज्यों में बाहर से आए प्रवासी श्रमिकों एवं छात्रों को समूची सुविधा पहुँचाने के मद्देनजर सभी केंद्र शासित प्रदेशों एवं राज्यों को लगातार एडवाईजरी जारी कर रही है, जिसमें लॉकडाउन के दौरान फंसे सभी प्रवासी मजदूरों की समस्याओं को समाप्त करने के साथ उन्हें तत्काल बुनियादी सुविधाओं को प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए जा रहे हैं. गृह मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी में असंगठित क्षेत्र के श्रमिक भी शामिल हैं. इसके साथ ही गृह सचिव ने राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर प्रवासी श्रमिकों के लिए दवा, भोजन, कपड़े एवं रहने की सुविधा के साथ मुफ्त में अनाज की उपलब्धता के बारे में जानकारी देने की बात कही है. अपनी चिट्टी में गृह सचिव ने इस बात का भी जिक्र किया है कि कोरोना वायरस के मद्देनजर राज्य एसडीआरएफ फंड का इस्तेमाल कर सकते हैं.

Source: https://www.spmrf.org/home-ministry-took-effective-steps-on-migration-of-labourers/

Stay Home, Stay Safe

Rajesh Babu, a police officer, wearing a helmet depicting coronavirus, requests a commuter to stay at home during a 21-day nationwide lockdown to limit the spreading of coronavirus disease (COVID-19), in Chennai.

RSS Swayamsevaks distributing essentials to the needy people during 'Lockdown'

Ensure Social Distancing




I apologize for taking these harsh steps which have caused difficulties in your lives, especially the poor people. I know some of you would be angry with me also. But these tough measures were needed to win this battle.
It is important to keep the people of India safe.
MANN KI BAAT HIGHLIGHTS
29th March-11AM